मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 194 | सोमवार, 21 अक्टूबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# BJP की पहली सूची जारी आयलानी का नाम गायब

- क्या शिंदे अथवा NCP को मिलेगी टिकट?
- कालानी दोबारा BJP टिकट के लिए प्रयासरत
- विधायक आयलानी की मुश्किलें बढ़ी
- मुरबाड से किसन कथोरे तो डोंबिवली से रविंद्र चव्हाण उम्मीदवार बने






**उल्हासनगर.** आगामी 20 नवंबर 2024 को होने जा रहे विधानसभा चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी ने अपने 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है जिसमें उल्हासनगर 141 विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान कुमार आयलानी का नाम गायब होने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया कि कहीं यह जगह भाजपा के सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट अथवा राकांपा अजित पवार गुट को तो नहीं दे दी गई है। राकांपा गुट से भारत गंगोत्री राजवानी प्रबल दावेदार हैं तो शिंदे गुट से राजेंद्र चौधरी ने दावेदारी रखी है। वहीं यह भी खबर मिली है कि भाजपा का टिकट पाने के लिए एक बार फिर कालानी प्रयासरत है। मंत्री रविंद्र चव्हाण व सांसद शंकर लालवानी के मार्फत कालानी भाजपा का टिकट पाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिल रहे हैं। हालांकि औपचारिक रूप से इसकी पुष्टि किसी ने नहीं की है। आयलानी का नाम गायब होने से दै. उल्हास विकास द्वारा आयलानी का पत्ता कट होने की खबर सच साबित हो रही है। ज्ञात हो कि भाजपा द्वारा जारी 99 उम्मीदवारों की सूची में करीब 15 वर्तमान विधायकों का पता कट हुआ है और किसी और को उम्मीदवारी मिली है लेकिन उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र का नाम गायब है। क्या दूसरी सूची में नाम की घोषणा होगी अथवा सहयोगी पक्ष की सूची में नया नाम मिलेगा। ऐसे में ऐसा समझा जा सकता है कि इस सीट को लेकर महायुति में असमझ सीट को लेकर है या उम्मीदवार को लेकर। सूत्रों से खबर यह भी मिल रही है कि जल्द ही दूसरी सूची में आयलानी के नाम की घोषणा हो सकती है.

### जिले के दिग्गज उम्मीदवार



भाजपा के उम्मीदवारों की सूची में ठाणे से संजय केलकर, मुरबाड से किसन कथोरे, ऐरोली से गणेश नाईक, भिवंडी से महेश चौघुले, और डोंबिवली से रविंद्र चव्हाण जैसे दिग्गजों को टिकट दिया गया है। जिले के कुल 7 उम्मीदवारों के नाम पहली सूची में है.

### कल्याण पूर्व से गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा को मिली उम्मीदवारी



ज्ञात हो कि रविवार को भाजपा प्रदेश द्वारा जारी 99 उम्मीदवारों की सूची में कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक गणपत गायकवाड़ जो फिलहाल गोलीबारी प्रकरण में जेल में कैद है उनकी पत्नी सुलभा गणपत गायकवाड़ को टिकट दिया गया है। ऐसे में शिंदे गुट के सभी मजबूत दावेदारों जिसमें महेश गायकवाड़, निलेश शिंदे और विष्णु पावशे अब पक्ष से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। ऐसे में यह तो साफ है कि सुलभा गायकवाड़ के समक्ष शिवसेना मशाल उबाठा से धनंजय बोडारे मैदान में उतरेंगे।

# अंबरनाथ न्यायालय इमारत का जल्द होगा लोकार्पण

- आनलाइन लोकार्पण की तैयारी शुरू

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के दिवानी न्यायालय का काम पूरा हो गया है. न्यायालय का लोकार्पण जल्द ही होने वाली है और ये लोकार्पण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ऑनलाइन करेंगे. ऐसी जानकारी विधानसभा चुनाव आचार संहिता से पूर्व विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने एक कार्यक्रम में दी थी. विधायक किणीकर के विशेष प्रयत्न से ये काम सफल तरीके से पूरा हो गया है. न्यायालय इमारत में जाने के लिए रास्ता नहीं था. फॉरेस्ट नाका से टी सर्कल को जाने वाले रास्ते के किनारे पर एवं पुराने डम्पिंग मैदान के सामने से पानी की बड़ी पाइप लाइन गई हुई है. इस पाइप लाइन की भूमिगत करके न्यायालय का रास्ता निर्माण किया गया है. अब न्यायालय में आने वालों को सहूलियत का रास्ता भी हो गया है. अंबरनाथ में न्यायालय नहीं होने से न्यायालयीन कामकाज के लिए लोगों को उल्हासनगर जाना पड़ता था. लोगों का समय एवं रुपयों का खर्च भी होता था. अब अंबरनाथ के लोगों की ये परेशानी लगभग खत्म हो जाएगी. इस न्यायालय की इमारत में 6 कमरों में 6 न्यायाधीशों के लिए बैठने की व्यवस्था है. ऐसी जानकारी दी गई है. न्यायालय के शुरू हो जाने से उल्हासनगर के न्यायालय का बोझ कम होगा, ऐसा समझा जा रहा है.

# 165 ग्राम पंचायतों में दूषित पानी

- ग्रामीण नागरिकों के स्वास्थ्य का मुद्दा गरमाया
- जिला परिषद के सर्वे में मामला उजागर
- मुरबाड, शाहपुर में अत्यधिक दूषित जल आपूर्ति



**ठाणे.** जिला परिषद के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किये गये जल स्त्रोतों के सर्वेक्षण में पाया गया है कि जिले की 165 ग्राम पंचायतों में पेयजल स्त्रोत दूषित हैं. दूषित जल से महामारी जैसी बीमारियाँ फैलने का खतरा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के स्वास्थ्य की समस्या भी सामने आ गयी है।

ठाणे जिला परिषद के जल और स्वच्छता विभाग के माध्यम से एक जल गुणवत्ता सर्वेक्षण और निगरानी कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत वर्ष में दो बार मानसून से पहले और मानसून के बाद जल निकायों का स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है

इस वर्ष अप्रैल 2024 में 431 ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतों के नमूने एकत्रित कर स्वच्छता सर्वेक्षण कराया गया। इस सर्वेक्षण में गांवों में नल योजनाओं, कुओं, हैंडपंप जैसे जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर संबंधित ग्राम पंचायतों की सीमा के भीतर पानी की गुणवत्ता निर्धारित की गई। पानी की गुणवत्ता के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों को लाल, पीला और हरा कार्ड दिया गया। 2 ग्राम पंचायतों के लिए रेड जिसमें अत्यधिक दूषित जल की आपूर्ति की जा रही है; कम दूषित पानी की आपूर्ति के लिए 163 ग्राम पंचायतों को पीला कार्ड और स्वच्छ पानी की आपूर्ति के लिए 266 ग्राम पंचायतों को हरा कार्ड दिया गया। इस सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि मुरबाड और शाहपुर तालुका में एक-एक ग्राम पंचायत को दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है।

### पांच तालुकाओं में ग्राम पंचायतों को कार्ड जारी किया गया

| तालुका | लाल | पीला | हरा |
|---|---|---|---|
| कल्याण | 00 | 08 | 38 |
| भिवंडी | 00 | 22 | 99 |
| अम्बरनाथ | 00 | 12 | 16 |
| मुरबाद | 01 | 66 | 59 |
| शाहपुर | 01 | 55 | 54 |
| कुल | 02 | 163 | 266 |

# मतदान के विभिन्न कार्यों हेतु 3759 वाहनों की व्यवस्था



**ठाणे.** विधानसभा चुनाव के लिए ठाणे जिला चुनाव कार्यालय ने जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान कार्यों के लिए 3 हजार 759 वाहनों की योजना बनाई है. इसमें बस, ट्रक, टेम्पो, जीप, कार, ऑटोरिक्शा आदि विभिन्न वाहन शामिल हैं। विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से जिला निर्वाचन कार्यालय के माध्यम से कई चीजों की योजना बनाई गई है. ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 6 हजार 894 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय की परिवहन व्यवस्था टीम के माध्यम से उस विधानसभा क्षेत्र कार्यालय के मतदान केंद्रों के माध्यम से आवश्यक सामग्री, मतदाता जागरूकता सामग्री, ईवीएम मशीन, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवहन के लिए वाहन, भरारी टीमों के लिए वाहन आदि की योजना बनाई गई है।

| निर्वाचन क्षेत्र | मतदान केंद्र | वाहन |
|---|---|---|
| भिवंडी ग्रामीण | 351 | 151 |
| शहापुर | 329 | 192 |
| भिवंडी पश्चिम | 301 | 173 |
| भिवंडी पूर्व | 328 | 178 |
| कल्याण पश्चिम | 441 | 206 |
| मुरबाड | 518 | 327 |
| अम्बरनाथ | 339 | 147 |
| उल्हासनगर | 260 | 175 |
| कल्याण पूर्व | 332 | 150 |
| डोंबिवली | 277 | 152 |
| कल्याण ग्रामीण | 433 | 236 |
| मीरा-भाईन्दर | 489 | 226 |
| ओवला माजीवड़ा | 487 | 294 |
| कोपरी-पांचपाखाड़ी | 366 | 148 |
| ठाणे | 407 | 195 |
| मुंब्रा-कलवा | 409 | 243 |
| ऐरोली | 447 | 352 |
| बेलापुर | 380 | 214 |

# बारवी डैम के 11 गेट फिर खोले गए



**अंबरनाथ.** जिले में महानगर पालिकाओं के साथ उद्योगों और कारखानों को पानी की आपूर्ति करने वाला बारवी बांध 9 अगस्त को भर गया था. तब जो स्वचालित दरवाजे खुले थे, वे पानी कम होने के कारण बंद हो गये थे। लेकिन अब बारवी बांध के जलग्रहण क्षेत्र में वापसी की बारिश हुई और बांध फिर से 100 प्रतिशत भर गया है। इसलिए एहतियात के तौर पर इस बांध के 11 गेट खोल दिए गए हैं.

फिलहाल इन गेटों से 1533.44 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। इसके चलते बारवी नदी के किनारे के गांवों के नागरिकों को नदी के पानी में प्रवेश करने से मना कर दिया गया है और गांवों में प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है.

बारहवीं के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश जारी रहने के कारण 11 दरवाजे खोले गए। वर्तमान में इन गेटों से प्रति सेकंड 44.44 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने तक नदी किनारे के ग्रामीणों को नदी में पानी में प्रवेश करने से सख्त मनाही कर दी गई है। इन गांवों में प्रशासन की ओर से जनजागरण किया गया है.

# अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस द्वारा BLO प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## अमर जोशी, कृष्णा पाटिल ने किया मार्गदर्शन

▶▶ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस द्वारा शहर पश्चिम के कृष्णा मैरेज हॉल में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अध्यक्ष एड. कृष्णा रसाल पाटिल ने रविवार दोपहर में किया.

चुनाव में बूथ स्तर पर किस तरह से कार्य करना चाहिए, उसकी जरूरी जानकारी कार्यकर्ताओं को अमर जोशी ने डिजिटल में परदे पर दी. हॉल कार्यकर्ताओं से भरा हुआ था. रोहित सालवे ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कृष्णा पाटिल ने बताया कि अंबरनाथ विधानसभा में कुल 339 बूथ हैं.

अंबरनाथ के 220 बीएलओ और उल्हासनगर से 110 बीएलओ आज यहां प्रशिक्षण लेने आए हैं. आज यहां पर गद्दारों का पंचनामा और महायुति के महापाप के बारे में कार्यकर्ताओं को पम्पलेट दिए गए हैं. विधानसभा क्षेत्र में ये घर-घर में वितरित किए जाएंगे. उसका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है. अमर जोशी ने कहा कि हमारी मोहब्बत की दुकान है. राज्य सरकार को अब हटाना है और इस चुनाव में ऐसा ही होगा. कांग्रेस को या गठबंधन में किसी भी उम्मीदवार को उम्मीदवारी मिले, हम उसके लिए कार्य करेंगे.

# नया टाइम टेबल यात्रियों के लिए बना मुसीबत



- अंबरनाथ से छूटने वाली लोकल 25 मिनट लेट

**कल्याण.** मध्य रेलवे की लोकल सेवा पटरी पर लौटने का नाम नहीं ले रही है. एक भी दिन ऐसा नहीं था जब लोकल ट्रेन समय पर चल रही हों। पहले लोकल ट्रेनें पांच से दस मिनट की देरी से चल रही थीं. लेकिन, नया शेड्यूल जारी होने के बाद स्थिति यह है कि लोकल ट्रेनें हमेशा 20 से 25 मिनट की देरी से चल रही हैं। इसका असर कर्मचारियों पर पड़ रहा है. यात्री संघ के साथ हुई बैठक में रेलवे मंडल प्रबंधक रजनीश गोयल ने स्पष्ट किया था कि हम लंबी दूरी की ट्रेनों को प्राथमिकता देंगे. तो यह साफ हो गया कि लोकल यात्रियों की समस्या कम होने वाली नहीं है.

नए शेड्यूल के मुताबिक अंबरनाथ से सुबह 8:10 बजे छूटने वाली लोकल ट्रेन हर दिन 25 मिनट देरी से चल रही है. इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। पीड़ित यात्रियों ने अंबरनाथ के स्टेशन मास्टर को निवेदन दिया. उन्होंने आश्वासन दिया है कि वह इस बारे में वरिष्ठ स्तर पर चर्चा करेंगे.

### धीमे रूट पर तेज़ लोकल

अक्सर तेज़ गति से चलने वाली लोकल ट्रेनें दादर के बाद धीमे रास्ते की ओर मुड़ जाती हैं। भायखला से सीएसटीएम तक आधा घंटा लगता है। ऐसा लंबी दूरी की ट्रेनों को निकालने के लिए ऐसा किया जाता है. इसके कारण धीमे लाइन पर लोकल भी विलंब से चलती है.

### लोकल रेल यात्रियों को असुविधा

दादर की तरह डोंबिवली भी भीड़भाड़ वाली जगह है। उस स्टेशन पर कल्याण की ओर जाने वाली लोकल ट्रेनों को एक की जगह दो कर दिया जाता है. इससे भारी भीड़ उमड़ती है। यात्रियों का कहना है कि इस लोकल को एक में लाने से भीड़ बंट जाएगी क्योंकि दोनों तरफ प्लेटफॉर्म हैं। होम प्लेटफॉर्म पर लोकल आने पर यात्री एस्केलेटर का इस्तेमाल कर सकेंगे। लॉकडाउन के बाद से लोकल प्लेटफॉर्म बंद है. यात्रियों ने आलोचना की है कि समय-समय पर अनुरोध के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं.

# फर्जी शिकायतों ने डेवलपर्स की बढ़ाई सिरदर्दी

- मनपा आयुक्त की बैठक में कई लोगों ने जताई नाराजगी






**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर की विकास प्रक्रिया में प्रमुख बाधाओं को दूर करने के लिए मनपा के बिल्डिंग परमिट मैनेजमेंट सिस्टम (बीपीएमएस) के तहत ऑनलाइन प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालाँकि, इस प्रक्रिया में, फर्जी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के कारण कई डेवलपर्स और आर्किटेक्ट्स को काफी नुकसान हुआ है. इस पृष्ठभूमि में डेवलपर्स ने उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने की अध्यक्षता में एक बैठक में अपनी नाराजगी व्यक्त की।

इससे पहले उल्हासनगर मनपा में निर्माण प्रस्तावों की ऑनलाइन प्रक्रिया बंद थी. हालांकि असिस्टेंट टाउन प्लानर ललित खोब्रागड़े की पहल पर अगस्त महीने से बीपीएमएस सिस्टम दोबारा शुरू कर दिया गया है. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी), महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र सूचना प्रौद्योगिकी निगम ने इस प्रणाली का उचित मूल्यांकन किया है और इसे उपलब्ध कराया है। हालाँकि इस नई प्रणाली ने डेवलपर्स के लिए निर्माण प्रस्तावों को ऑनलाइन प्रस्तुत करना आसान बना दिया है, लेकिन फर्जी शिकायतकर्ताओं की समस्या बनी हुई है।

डेवलपर्स के अनुसार, जैसे ही भवन प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाते हैं, कुछ लोग बिल्डरों के दस्तावेजों के आधार पर शिकायत दर्ज करते हैं। फिर इसी शिकायत के आधार पर खंडणी मांगी जाती है. वहीं सोशल मीडिया पर बिल्डर्स और उनके प्रोजेक्ट्स को बदनाम किया जाता है. इससे इमारत की छवि खराब होती है. ग्राहक इस परियोजना के पास जाने से डरते हैं और बेचने के लिए तैयार कई इमारतें बिना बिकी रह जाती हैं। इसलिए उल्हासनगर में निर्माण क्षेत्र पर बड़ा संकट है.

मनपा की बैठक में बोलते हुए डेवलपर राजा गेमनानी ने चौंकाने वाली जानकारी दी कि इन फर्जी शिकायतकर्ताओं से परेशान होकर कई बिल्डर उल्हासनगर छोड़कर दूसरे शहरों में पलायन कर रहे हैं. डेवलपर्स के करोड़ों निवेश के बावजूद, ये शिकायतें परियोजनाओं की बिक्री को प्रभावित कर रही हैं। इससे बिल्डर को तो नुकसान हो ही रहा है, मनपा और राज्य सरकार को भी भारी नुकसान हो रहा है.

डेवलपर्स की सभी शिकायतों को सुनने के बाद मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया और उन्होंने जांच का वादा किया. उन्होंने फर्जी शिकायतकर्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी संकेत दिए।

# 100 के स्टांप के लिए अब चुकाने होंगे 500 रुपये!

- शपथ पत्र, नोटरी, अनुबंध के लिए आम लोगों को चुकानी होगी अधिक रकम




**मुंबई.** नागरिकों को अब शपथ पत्र, अनुबंध, नोटरी, खरीद पत्र, बैंक ऋण, विलेख या घर बिक्री लेनदेन पंजीकरण सहित विभिन्न दस्तावेजों के लिए 100 रुपये की स्टांप ड्यूटी के लिए 500 रुपये का भुगतान करना होगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में निर्णय लिया है और महाराष्ट्र स्टांप अधिनियम, 1958 में संशोधन करते हुए इस संबंध में एक अध्यादेश जारी किया है। यह कदम राज्य का राजस्व बढ़ाने के लिए उठाया गया है और इस शुल्क वृद्धि से सरकार को प्रति वर्ष 2 हजार करोड़ की अतिरिक्त आय होगी. हालांकि सरकार के खजाने में बढ़ोतरी होगी, लेकिन आम लोगों की जेब पर असर पड़ेगा.

राज्य सरकार समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग कल्याणकारी योजनाएँ लागू करती है।

पिछले कुछ वर्षों में राज्य सरकारों द्वारा कई लोकप्रिय घोषणाएँ की गई हैं। इसका आर्थिक बोझ सरकार पर पड़ रहा है. इस वित्तीय बोझ को कम करने के लिए राज्य सरकार अपना राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रही है. कर्नाटक सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी 100 रुपये से बढ़ाकर कम से कम 500 रुपये करने का फैसला किया था. पिछले कई दशकों से राज्य में स्टांप शुल्क की राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है. इसलिए सरकार ने राजस्व बढ़ाने के लिए कर्नाटक की तर्ज पर न्यूनतम 100 रुपये की स्टांप ड्यूटी 500 रुपये वसूलने का फैसला 30 सितंबर को हुई कैबिनेट बैठक में लिया. आख़िरकार, एक नया मूल्य वृद्धि अध्यादेश जारी किया गया।

महायुति सरकार ने लाड़की बहिन योजना शुरू की है। इस योजना में दो से ढाई करोड़ महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह देने का साहसिक एवं लोकप्रिय निर्णय लिया गया है। इससे राज्य सरकार पर हर साल 35 से 40 हजार करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा. इसके लिए राज्य सरकार आय बढ़ाने के लिए विभिन्न विकल्पों और संभावनाओं का परीक्षण कर रही है. विभिन्न अनुबंधों, शपथ पत्रों, किरायेदारी समझौतों, खुदरा लेनदेन आदि के लिए 100 रुपये का स्टांप पेपर आवश्यक है।

ऐसे में जहां पहले 100 रुपये के स्टांप पेपर का इस्तेमाल होता था, अब 500 रुपये के स्टांप पेपर की जरूरत पड़ेगी. इस बदलाव से राज्य सरकार को 2 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त मिलेंगे. लेकिन इसका असर आम लोगों पर पड़ेगा. राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजीकरण और स्टांप शुल्क के माध्यम से 55,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है। 1 अप्रैल से 10 अक्टूबर के दौरान इस विभाग ने करीब 28 हजार करोड़ की कमाई की है. जीएसटी के बाद राज्य सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व रजिस्ट्रेशन और स्टांप ड्यूटी से मिलता है.

> स्टाम्प शुल्क लगाने में एकरूपता लाने और राजस्व बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र स्टाम्प अधिनियम, 1958 की अनुसूची I में कुछ खंडों में संशोधन करने का एक प्रस्ताव विचाराधीन था। राज्य कैबिनेट ने हाल ही में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी. तदनुसार एक अध्यादेश जारी किया गया है।
>
> **–राजेश कुमार,**
> अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व विभाग

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## शराब ने मचाया मौत का तांडव

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि बिहार में कानूनी रूप से शराबबंदी है, फिर भी लोग शराब पीकर मर रहे हैं। राज्य में एक बार फिर में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत से यह सवाल उठ रहा है कि आमजनों तक शराब पहुंचती कैसे है और जो लोग चोरी-छिपे शराब का कारोबार करते हैं, उन पर आबकारी विभाग शिकंजा क्यों नहीं कसता। अप्रैल 2016 में राज्य में शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री और खपत पर पूरी तरह रोक लगा दी गई थी। शराब बेचने और पकड़े जाने पर सजा का भी प्रावधान रखा गया। फिर भी शराब माफिया बेखौफ हैं तो जाहिर है कि शराब की शक्ल में जहर बेचने से उनको कोई नहीं रोक रहा।

अरसे से शराबबंदी के बावजूद घरों तक या हाट-बाजार में शराब पहुंच रही है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? गौरततलब है कि सीवान और सारण जिले के कई गांवों में शराब पीने से छब्बीस से अधिक लोगों की मौत के बाद मातम पसरा है। कई लोगों का अस्पतालों में उपचार चल रहा है। कुछ की आंखों की रोशनी चली गई और चालीस से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है।

सवाल है कि कुछ गिरफ्तारियों का दावा कर क्या पुलिस और जिला प्रशासन अपने दायित्व से मुक्त हो सकता है? जहरीली शराब से मौत का तांडव दो दिन पहले शुरू हुआ जब हाट से लोगों ने शराब खरीद कर पी। फिर मंगलवार से बुधवार रात तक लोगों के मरने का सिलसिला जारी रहा। बताया गया कि पीड़ितों ने मेले में बिक रही थैली वाली शराब पी। इतनी बड़ी घटना को रोका जा सकता था, अगर पुलिस-प्रशासन शराबबंदी को लेकर पहले से सजग रहता।

हालांकि सब कुछ घट जाने के बाद उच्चस्तरीय जांच की बात कही गई है, लेकिन हाट में शराब की थैलियां कैसे बिक रही थीं, इस सवाल का जवाब कौन देगा? राज्य में शराब से लोगों की मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन राज्य में शराब पीने से मौत और इसके अलावा भी कुछ नकारात्मक वजहों से बिहार सुर्खियों में रहता है। हर बार सरकार की ओर से सख्त कार्रवाई करने का रटा-रटाया आश्वासन सामने आता है। इस पर सरकार कितनी गंभीर होती है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ समय बाद फिर शराब पीकर लोगों की मौत की खबर सामने आ जाती है।

# युद्ध को देखते हुए तेल संकट की आशंका

कच्चे तेल की कीमतों का दुनिया की शांति से बड़ा गहरा रिश्ता है। जब से इजराइल-फिलीस्तीन संघर्ष में ईरान शामिल हुआ है, दुनिया बेचैन हो उठी है। आशंका है कि कहीं यह जंग बड़ा रूप न अख्तियार कर ले। अगर ऐसा हुआ तो कच्चे तेल के बाजार में आग लग सकती है। भारत जैसे जो देश तेल के लिए आयात पर निर्भर हैं, उनके लिए खाड़ी के मुल्कों में होने वाली उठापटक रातों की नींद उड़ाने वाली होती है। हालांकि अपनी जरूरत का अस्सी फीसद तेल करीब चालीस देशों से मंगाने वाले भारत को ईरान के घटनाक्रम से ज्यादा खतरा नहीं है, लेकिन अगर इजराइल ईरान के तेल और गैस उत्पादन के ठिकानों को निशाना बनाता है, तो तेल की कीमतें प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकतीं।

मध्य-पूर्व का बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कैसे बढ़ा सकता है, इसका उदाहरण हाल में मिल चुका है। इजराइल पर ईरानी हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह आशंका जताई थी कि बदले की कार्रवाई में ईरान के तेल ठिकानों को इजराइल निशाना बना सकता है। उनके इस बयान के साथ कच्चे तेल की कीमतों में पांच फीसद इजाफा हो गया।

तेल खपत के मामले में अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। जिन देशों से भारत को तेल की आपूर्ति होती है, उनमें इराक, सऊदी अरब, अबूधाबी, अमेरिका और रूस समेत चालीस मुल्क शामिल हैं। इतनी ज्यादा जगहों से तेल आयात करने का फायदा यह है कि



कुछ देशों में पैदा होने वाली अस्थिरता का असर भारत को तेल आपूर्ति और कीमतों पर नहीं पड़ता है। ईरान से भारत को तेल बहुत मामूली मात्रा में आयात होता है। मगर इजराइल-ईरान का संघर्ष वैश्विक तेल बाजारों में अस्थिरता पैदा कर सकता है। इससे तेल के मामले में मूल्य स्थिरता का संकट पैदा हो सकता है।

हाल के वर्षों में तेल आयात से जुड़ा एक और महत्त्वपूर्ण बदलाव यह है कि भारत को रूस से आयातित तेल की मात्रा में कई गुना इजाफा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार 2023-24 में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ कर 140 अरब डालर के बराबर हो गई है, जो रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ने से पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा है। मौजूदा वक्त में भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश रूस है। हालांकि भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका और शेष दुनिया से काफी कुछ सुनना पड़ा है।

इसकी वजह यह है कि यूक्रेन पर आक्रमण करने के कारण रूस से तेल खरीद पर प्रतिबंध लगाया गया था, पर अपनी गुटनिरपेक्ष नीति का हवाला देकर भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना जारी रखा है। ऐसा सिर्फ भारत नहीं कर रहा है, बल्कि चीन तो और भी ज्यादा (47 फीसद) रूसी तेल खरीद रहा है। बहरहाल, जैसा संकट इस समय इजराइल-ईरान के बीच जारी तनातनी से दिख रहा है, कुछ वैसा ही माहौल पांच वर्ष पहले 2019 में सऊदी अरब की सरकारी और दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी 'अमराको' के दो तेल संयंत्रों 'अब्कैक' और 'खुरैस' पर ड्रोन हमलों के दौरान बना था।

एक बड़ा प्रश्न यह भी है कि आखिर दुनिया में अब कितना तेल बचा है। बीते कुछ दशकों से पूरी दुनिया में यह बात जोरशोर से प्रचारित की जा रही है कि दुनिया के तेल भंडार बहुत सीमित हैं। जल्दी ही ऐसी स्थितियां आने वाली हैं, जब तेल के कुओं में एक बूंद तेल नहीं बचेगा और इसकी कीमतें आसमान छूने लगेंगी। इस बीच अर्थशास्त्री भी यह अनुमान पेश करते रहे हैं कि ऐसे हालात में कारों का उत्पादन ठप हो जाएगा और बेरोजगारी चरम पर होगी। उधर, वैज्ञानिक सौर ऊर्जा और बिजली से चलने वाले वाहनों (ईवी) को भावी परिवहन व्यवस्था के विकल्प के रूप में पेश करते रहे हैं। लेकिन अब यह साफ हो गया है कि कम से कम अगले 50-70 वर्षों में तेल उत्पादन के मामले में कोई आपात स्थिति नहीं पैदा होने वाली है। करीब एक दशक पहले, 2015 में इसकी एक जानकारी तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक ने अपनी वार्षिक रपट में दी थी कि अकेले सऊदी अरब के अनुमानित तेल भंडारों में 266 अरब बैरल तेल है। इसके मुताबिक प्रतिदिन 1.2 अरब बैरल के उत्पादन के औसत के हिसाब से अगले 70 साल भी तेल का कोई संकट पैदा नहीं होने वाला है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जीवंत मानव एकता की शुरुआत होती है अपने दिलों से शत्रुता मिटाने से।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अपने ही क्षत्रपों से पस्त कांग्रेस

हरियाणा की हार से हतप्रभ राहुल गांधी गुस्से में बताए जाते हैं। समीक्षा बैठक में उनकी इस टिप्पणी की बहुत चर्चा है कि नेताओं ने 'अपने हितों को पार्टी हित से बड़ा समझा', पर क्या ऐसा पहली बार हुआ? राहुल गांधी 2004 में चुनावी राजनीति में आए। संयोगवश उसी साल कांग्रेस का केंद्रीय सत्ता से दस साल का वनवास समाप्त हुआ। 'शाइनिंग इंडिया' की चकाचौंध में डूबी भाजपा की अगुआई वाले राजग को मतदाताओं ने सत्ता से बेदखल कर दिया। सत्ता परिवर्तन इस मायने में चौंकाने वाला रहा कि तब भाजपा और राजग के नेतृत्व शीर्ष पर अटल बिहारी वाजपेयी सरीखा विराट व्यक्तित्व था, जबकि कांग्रेस की कमान सोनिया गांधी के हाथ थी, जिन्हें अपनी पार्टी में भी लंबे सत्ता संघर्ष का सामना करना पड़ा था। तब भी केंद्रीय सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने जमीन पर कुछ ठोस नहीं किया था, पर सोनिया ने चुनावी गठबंधन की गजब बिसात बिछाई। सक्रिय राजनीति का पहला दशक राहुल गांधी के लिए 'आल इज वेल' वाला रहा, पर उसके बाद तो कांग्रेस और कांग्रेसियों की तमाम कमजोरियां बेनकाब होती गईं। ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि स्वयं राहुल ने उन्हें दूर करने के लिए क्या किया है?

यदि राहुल गांधी को हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार से ही यह ज्ञान प्राप्त हुआ है कि नेता अपने हितों को पार्टी हित से बड़ा समझते हैं, तब तो सवाल उनकी राजनीतिक समझ पर भी उठ सकता है। मंडल-कमंडल के राजनीतिक ध्रुवीकरण के बाद से देश के दो बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश और बिहार में कांग्रेस हाशिये पर है। देश के सबसे पुराने और दशकों तक शासन करने वाले दल



की ऐसी दुर्गति कई सवाल खड़े करती है। एक एक क्षण के लिए मान लेते हैं कि उत्तर प्रदेश और बिहार में सामाजिक न्याय के पैरोकार क्षेत्रीय दलों और हिंदुत्ववादी भाजपा के बीच हुए ध्रुवीकरण से कांग्रेस अप्रासंगिक होती गई, लेकिन आखिर अन्य राज्यों में अपनी पराजय कथा के लिए वह किसे दोष देगी? राज्य दर राज्य कांग्रेस अपने ही क्षत्रपों की कठपुतली बन गई है, जो हमेशा अपने हितों को पार्टी हित से ऊपर रखते हैं और आलाकमान को आंखें दिखाने में भी संकोच नहीं करते।

गुटबाजी कांग्रेस का चरित्र रहा है। जब तक आलाकमान सर्वशक्तिमान था, गुटों की नियंत्रित सक्रियता से अंततः पार्टी मजबूत होती थी, लेकिन 2014 में कांग्रेस के ऐतिहासिक पराभव के बाद क्षत्रप अपनी मनमानी करने लगे। अपने और परिवार के अलावा किसी का पनपना इन्हें गवारा नहीं। चाहे इस कवायद से विरोधी दल की मदद ही क्यों न हो। कांग्रेस के पतन में अंतर्कलह की एक बड़ी भूमिका रही है, पर यदि पिछले एक दशक पर ही फोकस करें तो पाएंगे दिल्ली अपूर्ण राज्य ही सही, पर वहां कांग्रेस बेहाल है। 70 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस की उपस्थिति शून्य है। यह हाल वहां है, जहां 2013 से पहले कांग्रेस लगातार 15 साल सत्ता में रही। मुख्यमंत्री शीला दीक्षित रहीं, जो उससे पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती थीं। 15 साल की सरकार के कामकाज के बल पर कांग्रेस को बहुत मजबूत होना चाहिए था, फिर ऐसा क्यों हुआ कि वह संगठन और जनाधार, दोनों स्तर पर खोखली होती गई? सत्ताकाल में दिल्ली कांग्रेस का अंतर्कलह राहुल गांधी को याद होगा ही। तब दूरदृष्टि से काम लेते हुए जमीन से जुड़े नेताओं की अगली पीढ़ी को आगे लाया गया होता तो आज चुनाव जीतने लायक चेहरों का अकाल दिल्ली कांग्रेस में नहीं होता। 2018 में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतकर राहुल गांधी ने सबको चौंका दिया था, पर उसके बावजूद वहां कांग्रेस मजबूत हुई या कमजोर?

# झाड़ू-पोछा करके फरार हो जाता था चोर

**जरा हट के**

दुनिया में आपको तरह-तरह की घटनाएं देखने और सुनने को मिल जाती हैं. कुछ ऐसी होती हैं, जो सामान्य सी लगती हैं लेकिन कुछ ऐसी भी होती हैं, जिन्हें सुनकर आप चौंक जाते हैं. आपने चोरी और डकैती की तमाम घटनाओं के बारे में सुना होगा. आज आपको हम जिस चोर के बारे में बताएंगे, उसे सुनकर आप दंग रह जाएंगे. हमारा दावा है कि आपने पहले ऐसा कभी देखा या सुना नहीं होगा.

घर में चोरी हो जाए तो लोगों का सामान तो जाता ही है, पूरे घर की दुर्दशा हो जाती है. आज हम आपको जिस चोर के बारे में बताएंगे, वो लोगों का घर सजा-संवारकर जाता था. ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक ये चोर 36 साल का एक पोलिश आदमी था, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. जब आपकी इसकी कहानी जानेंगे तो आप भी यही कहेंगे, ऐसे चोर कहां मिलते हैं आज के ज़माने में.



डैमियान वोज्निलोविक्ज़ नाम के इस चोर के खिलाफ चोरी की दो घटनाओं का मुकदमा दर्ज है. ये दोनों घटनाएं ब्रिटिश सिटी न्यूपोर्ट में हुईं. पिछली गर्मियों में डैमियान दो घरों में ताला तोड़कर घुसा. उसका पहला शिकार एक महिला थी, जो अकेली रहती थी. जब वो घर पर नहीं थी, डैमियान उसके घर में घुसा. गंदे पड़े घर में उसने झाड़ू लगाकर कूड़ा फेंका, गंदे कपड़े धोकर सुखाए और साफ-सफाई कर दी. जब महिला लौटी तो उसे घर साफ-सुथरा मिला तो वो डरकर अपने दोस्त के घर भाग गई.

दूसरी घटना इसके दो हफ्ते बाद हुई. इस बार डैमियान जिस घर में घुसा, वहां सीसीटीवी लगा था. चोर ताला तोड़कर आया, उसके वाइन ग्लास में डालकर पी. इसके बाद फिर से उसने घर में गंदे पड़े कपड़े धो दिए और खुद भी नहाया. जब मालिक को सीसीटीवी से घर में किसी के आने का एलर्ट मिला, तो उन्होंने अपने दामाद को वहां भेजा. इस तरह डैमियान को पकड़ लिया गया. फिलहाल उसे 22 महीने जेल की सज़ा दी गई है क्योंकि उसे लोगों के लिए खतरा माना गया है. डैमियन का कहना था कि बेघर होने की वजह से वो ऐसा करता था. वैसे चोर ने इतना काम किया, तो उसे एक बार शुक्रिया तो बोला ही जाना चाहिए था.

# पनीर बटर मसाला




**सामग्री :**

- 4 बड़े चम्मच मक्खन
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 2 से 3 लौंग
- 1 बड़ी इलाइची
- 2 से 3 हरी इलाइची
- ¼ कप कटा हुआ प्याज
- 1 कप कटे टमाटर
- 1 इंच कटा हुआ फ्रेश अदरक का टुकड़ा
- 6 लहसुन की कलियां (छिली और कटी हुई)
- 2 हरी मिर्च आधी कटी हुई
- 25 साबुत काजू
- 2 चम्मच धनिया पाउडर
- ½ चम्मच हल्दी पाउडर
- 2 चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- ¼ कप -टमाटर प्यूरी
- 2 बड़े चम्मच टमाटर केचअप
- 1 चम्मच नमक
- 500 ग्राम पनीर क्यूब्स में कटा हुआ
- ½ छोटा चम्मच गरम मसाला पाउडर
- ¼ कप क्रीम
- 2 चम्मच शहद
- 2 बड़े चम्मच कसूरी मेथी



**विधि :**

पनीर बटर मसाला बनाने के लिए सबसे पहले एक मीडियम तेज आंच पर एक बड़ी कड़ाही में 1 बड़ा चम्मच मक्खन और तेल डालकर गरम कर ले। इसके बाद जब मक्खन गर्म हो जाए तो इसमें लौंग, बड़ी इलायची और हरी इलायची डालकर 3-4 सेकेंड तक भून लें। अब कड़ाही में प्याज डालकर 2-3 मिनट तक हल्का गुलाबी होने तक भूनें। अब कड़ाही में टमाटर, अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालकर 2-3 मिनट तक पकाएं। जब तक टमाटर नरम न हो जाएं, सभी चीजों को बार-बार हिलाते रहें। अब कड़ाही में काजू डालकर एक मिनट तक और पकाएं। कड़ाही को आंच से उतारकर मिश्रण को पूरी तरह से ठंडा होने दें। ठंडे मिश्रण को ¼ कप पानी के साथ ब्लेंडर में डालकर उसका पेस्ट बना लें।

अब बचे हुए 3 बड़े चम्मच मक्खन को उसी कड़ाही में मध्यम आंच पर गर्म करके उसमें पिसा हुआ पेस्ट, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, टमाटर प्यूरी, टमाटर केचअप और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब पनीर के टुकड़ों को कड़ाही में डालकर 3-4 मिनट तक पकाएं। अगर ग्रेवी ज्यादा गाढ़ी लग रही हो तो थोड़ा पानी मिला लें। अब कड़ाही में गरम मसाला, क्रीम, शहद और कसूरी मेथी डालकर एक और मिनट तक और पकाएं। पनीर बटर मसाला बनकर तैयार है। इसे क्रीम से गार्निश करके रोटी या नान के साथ गरमागरम परोसें।

# ऑस्टियोपोरोसिस में खोखली हो जाती हैं हड्डियां

### ■ ढोकर लगने से भी हो सकता है फ्रैक्चर

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। हड्डियों पर भी इसका नकारात्मक असर होता है, जिसके परिणामस्वरूप आर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी दिक्कतें काफी आम हो गई हैं। हड्डियों में होने वाली किसी भी तरह की समस्या क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करने वाली हो सकती है क्योंकि इसमें चलना-दौड़ना और दिनचर्या के सामान्य कार्य करना भी कठिन हो जाता है। ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या कई मामलों में ज्यादा चुनौतीपूर्ण मानी जाती है।

ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी आपकी हड्डियों को बहुत कमजोर कर देती है। आपकी हड्डियां सामान्य से कहीं ज्यादा पतली और कम घनत्व वाली हो जाती हैं, जिसके कारण इनके टूटने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। इस बीमारी की गंभीर स्थिति में हल्के से ठोकर, खांसने-छींकने के कारण भी फ्रैक्चर होने का खतरा हो सकता है।



हड्डियों के स्वास्थ्य के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने तथा ऑस्टियोपोरोसिस के निदान और उपचार के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अक्तूबर को विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस मनाया जाता है। आइए इस बढ़ती बीमारी के बारे में जानते हैं।

### ■ ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में जानिए

ऑस्टियोपोरोसिस आपकी हड्डियों को काफी कमजोर और भंगुर बना देती है। समय के साथ ये इतनी कमजोर हो जाती हैं कि गिरने या यहां तक कि झुकने या खांसने जैसे हल्के तनाव से भी इनके टूटने का खतरा रहता है। कूल्हे, कलाई या रीढ़ की हड्डी में ऑस्टियोपोरोसिस के कारण फ्रैक्चर के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं।

असल में हमारी हड्डियां ऐसे ऊतकों से बनी होती हैं जो लगातार टूटती और बनती रहती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या में हड्डियों की कोशिकाओं में क्षति तो होती है लेकिन नए सिरे से इसका निर्माण नहीं हो पाता है। इससे समय के साथ हड्डियों काफी खोखली और कमजोर हो जाती हैं।

### ■ क्यों होती है ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या?

उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों में कमजोरी और इसके फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। 50 की उम्र के बाद आपमें ऑस्टियोपोरोसिस होने का जोखिम भी बढ़ जाता है। जिन लोगों में हड्डियां खुद को फिर से विकसित करने और सुधारने की अपनी क्षमता खो देती हैं उनमें इस रोग के मामले सबसे ज्यादा देखे जाते रहे हैं।

ऑस्टियोपोरोसिस किसी को भी हो सकता है। कुछ लोगों में इसका खतरा अधिक होता है।

- 50 वर्ष से अधिक आयु के लोग।
- जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को ऑस्टियोपोरोसिस रहा है उनमें भी ये समस्या हो सकती है।
- महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने की आशंका पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक होती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। रोमांस में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृषभ :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें।

**कर्क :** आज तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। मित्रों के साथ सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। थकान रह सकती है।

**सिंह :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या :** किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला :** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक :** रोमांस में सफलता मिलेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**धनु :** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर :** मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। भाग्य अनुकूल है।

**कुंभ :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मीन :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# गर्दन और कोहनियों के कालेपन से कम हो रहा कॉन्फिडेंस?



### ■ दूर करने के लिए अपनाएं ये आसान घरेलू उपाय
### ■ हफ्ते में दिखेगा फर्क

गर्दन, कोहनी और घुटनों की त्वचा पर अतिरिक्त सीबम जमा होना आम बात है. मृत त्वचा कोशिकाएं भी गर्दन और कोहनी की त्वचा के गहरे रंग का कारण बनती हैं. इसके अलावा धूप के संपर्क में आने से भी यह त्वचा काली पड़ जाती है. त्वचा की तो आमतौर पर देखभाल की जाती है लेकिन इन अंगों की उचित देखभाल नहीं हो पाती है. लेकिन कुछ आसान घरेलू उपाय भी हैं जिनकी मदद से आप त्वचा पर जमी गंदगी को आसानी से हटा सकते हैं.

नींबू और शहद गर्दन की गंदगी को जल्दी दूर करते हैं. नींबू में साइट्रिक एसिड होता है और शहद में एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को साफ और चमकदार बनाते हैं. नींबू का रस और शहद बराबर मात्रा में मिलाकर गर्दन पर लगाएं. 30 मिनट के बाद त्वचा को धो लें.

बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है. यह मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है. इसके लिए बेकिंग सोडा और पानी को मिलाकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को प्रभावित जगह पर लगाएं. पांच से दस मिनट तक धीरे-धीरे मसाज करें.

दही में लैक्टिक एसिड होता है जो त्वचा को मुलायम बनाता है और मृत त्वचा को हटाता है. दही के प्रयोग से त्वचा का संक्रमण भी दूर हो जाता है. त्वचा की गंदगी दूर करने के लिए दही में हल्दी मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे गर्दन पर लगाएं. 10 से 15 मिनट बाद पेस्ट हटा लें.

टमाटर में मौजूद एसिड त्वचा को साफ करता है. टमाटर का पेस्ट बनाकर सीधे गर्दन और कोहनियों पर लगाया जा सकता है. पेस्ट को 30 मिनट तक लगाएं और फिर त्वचा को ठंडे पानी से धो लें.

आलू का रस त्वचा की अशुद्धियों को साफ करने के लिए सबसे अच्छा साबित होता है. आलू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं. जो त्वचा को चमकदार और साफ़ करता है. आलू का पेस्ट बनाकर उसका रस निकाल लें और प्रभावित जगह पर लगाएं. इसे 20 मिनट तक सूखने दें और फिर ठंडे पानी से धो लें.

अगर आप ऊपर दिए गए किसी भी उपाय को कुछ दिनों तक नियमित रूप से आजमाएंगे तो आप महसूस करेंगे कि मृत त्वचा गायब होने लगी है और त्वचा का रंग साफ होने लगा है.

# क्या आप भी सूजी को ही रवा समझते हैं!




### ■ तो आज ही जानें इसमें अंतर

कुछ भी डिश बनानी होती है तो उसमें सूजी या रवा दोनों में से किसी एक चीज का इस्तेमाल होता ही है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये दोनों काफी अलग है. वहीं ये दोनों स्वाद में बिल्कुल एक जैसे लगते हैं, वहीं इन दोनों को अगर आप हाथ में लेते है, तो भी ये दोनों सेम लगती है. इन दोनों के बीच का फर्क किसी सिर दर्द से कम नहीं है. वहीं नॉर्थ इंडिया में सूजी और साउथ इंडिया में रवा का इस्तेमाल होता है. आइए आपको इसके बारे में फर्क बताते है.

## क्या है दोनों में अंतर

यह दोनों ही ड्यूरम गेंहू से बनती है. लेकिन भारत में एक ही चीज के कई नाम हैं. बता दें, पाकिस्तान में भी इसे सूजी के नाम से जाना जाता है. वहीं, दक्षिण भारत में सूजी को रवा कहा जाता है. उत्तर भारत और दक्षिण भारत की सूजी और रवा में बस एक ही अंतर हैं. सूजी ज्यादा बारिक होती है और रवा दरदरा होती है.

सूजी से हलवा बनता है, तो वहीं रवा से उपमा, ढोकला, इडली और डोसा बनता है.

## सूजी या रवा में कौन से गुण होते है

सूजी-रवा में आयरन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, प्रोटीन, सोडियम, जिंक और मैग्नियम जैसे पोषक तत्व होते हैं. सूजी में मौजूद प्रोटीन मसल्स को स्ट्रॉन्ग बनाते हैं. सूजी में विटामिन B3 होता है जो कि कोलेस्ट्रॉल के लेवल को घटाता है. सूजी-रवा का नाश्ता करने से शरीर में पूरे दिन एनर्जी रहती है. इसे खाने से थकान और कमजोरी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है. सूजी-रवा का ब्रेकफास्ट सबसे हेल्थी ब्रेकफास्ट में से एक है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### वीडियो कॉल पर महिला से उतरवाए कपड़े

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ उसके पति के दो दोस्तों ने शर्मनाक करतूत की है। महिला के अनुसार उसका पति शहर के बाहर काम करता है। महिला ने बताया कि कटघर के हबुल्लागंज रघुनाथ नगर निवासी पंकज और राजीव उसके पति के दोस्त हैं। दोनों का घर आना जाना था। आरोपी राजीव ने डेढ़ साल पहले उसे प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद राजीव और पंकज ने वीडियो कॉल कर महिला को धमकी देते हुए उसके कपड़े उतरवा कर आपत्तिजनक वीडियो मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। दोनों ने कई दिन तक महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि दोनों ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करके सोने की चेन और रुपये भी लेते रहे। इसकी शिकायत कटघर थाने पर की तो पुलिस ने सुनवाई नहीं की। बाद में परेशान होकर कोर्ट में अर्जी लगा दी। मामले में एसीजेएम प्रथम की कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

### एटीएम में स्ट्रिप लगाकर रकम उड़ाने वाले 2 बंदी

एटीएम में काली स्ट्रिप लगाकर रकम उड़ाने वाले दो शातिरों को शिवकुटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी आशीष कुमार और विपिन पटेल प्रतापगढ़ के अकोडिया थाना मांधाता के निवासी हैं। दोनों पिछले तीन दिनों से गोविंदपुर स्थित एटीएम से रकम उड़ा रहे थे। तलाशी में उनके पास से 15200 रुपये, एटीएम कार्ड, कैंची, कटर और सात स्ट्रिप व एक बैग बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एटीएम में रुपये निकालने की जगह पर काले रंग की पट्टी (स्ट्रिप) लगा देते हैं। जो भी व्यक्ति एटीएम से पैसे निकालने आता है, तो रुपये उसके खाते से कट जाते हैं लेकिन बाहर नहीं निकलता है। इसके बाद फर्जी कार्ड लेकर पैसे निकालने के बहाने अंदर जाकर काली स्ट्रिप हटाकर रुपये चुरा लेते थे। आशीष कुमार मंधाता थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ पांच मुकदमे दर्ज हैं।

### शिक्षिका के घर से 19 लाख की चोरी

**कानपुर.** कानपुर के हनुमंत विहार में शनिवार को बेखौफ चोर ने शिक्षिका के घर में घुसकर नगदी समेत 19 लाख का माल पार कर दिया। घटना के वक्त शिक्षिका स्कूल गई थीं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। उस्मानपुर के तुलसी विहार स्थित तीन मंजिला अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में रहने वाली पुष्पा वर्मा बाबूपुरवा में चालीस दुकान मार्केट स्थित परिषदीय स्कूल में पढ़ाती हैं। उनका बेटा प्रतीक वर्मा पनकी बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत हैं.

# दिल्ली में CRPF स्कूल के पास ब्लास्ट

- **फोरेंसिक एक्सपर्ट बोले- क्रूड बम जैसा मटेरियल**
- **NIA-NSG की टीम पहुंची, गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे CRPF स्कूल के पास धमाका हुआ। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन CRPF स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ कारों को नुकसान पहुंचा है।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (NSG) की टीम जांच के लिए पहुंची है। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक टीम, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के साथ-साथ फायर ब्रिगेड के अधिकारी भी पहुंचे है।

फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी



रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी।

पुलिस ने बताया कि CRPF स्कूल के पास धमाके का CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसको लेकर भी जांच की जा रही है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि राजधानी में कानून-व्यवस्था भाजपा की केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन वह अपना 99% समय चुनी हुई सरकार के काम को रोकने में लगाती है।

### पुलिस को PCR कॉल पर धमाके की जानकारी मिली

पुलिस अधिकारियों ने बताया, रविवार सुबह 07:47 बजे, एक PCR कॉल आया। कॉलर ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर 14 में CRPF स्कूल के पास बहुत शोर के साथ एक ब्लास्ट हुआ है। इसके बाद SHO और स्टाफ मौके पर पहुंचे। आस-पास की दुकानों के शीशे और दुकान के पास खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हुई है।

स्थानीय लोग बोले- हमें लगा गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है

विस्फोट की आवाज सुनकर लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। घटनास्थल के करीब चश्मे की दुकान चलाने वाले सुमित ने कहा, ‍मेरी दुकान की खिड़की के शीशे टूट गए। मेरी दुकान के अंदर का सारा सामान जमीन पर गिर गया। यह बहुत तेज धमाका था।

स्थानीय राकेश गुप्ता ने कहा, सुबह करीब 7.30 बजे हमने बहुत तेज आवाज सुनी। हमें लगा कि पास में ही कोई एलपीजी सिलेंडर फट गया है। कई दुकानों के शीशे टूट गए हैं।

# बम की धमकी, आज 20 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

- **7 दिन में 90 विमानों में बम की धमकियां**
- **केंद्र ने DGCA प्रमुख को हटाया**

**नई दिल्ली.** देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को 20 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह विमान शामिल हैं।



एक दिन पहले शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को धमकी मिली थी। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए।

पिछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो चुका है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। CISF, NIA और IB को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

वहीं, केंद्र ने शनिवार को DGCA चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

वहीं, शनिवार को एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है।

# प्रियंका 23 को वायनाड में नामांकन दाखिल करेंगी

- **फिर रोड शो निकालेंगी, राहुल भी मौजूद रहेंगे**
- **BJP ने नाव्या हरिदास को उतारा**



**नई दिल्ली.** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद प्रियंका रोड शो भी निकालेंगी।

यह प्रियंका गांधी का पहला लोकसभा चुनाव होगा। उनके खिलाफ भाजपा ने नाव्या हरिदास को उतारा है।

लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना था और वायनाड छोड़ी थी।

चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर की दोपहर को 13 राज्यों की 47 विधानसभा और लोकसभा की 2 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की थी। इनमें केरल की वायनाड और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट शामिल हैं।

केरल की दो विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव है। पार्टी ने दोनों सीटों पर भी उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है।

### ‘वायनाड का दौरा करता रहूंगा’

- 17 जून को वायनाड सीट छोड़ते वक्त राहुल ने कहा था- वायनाड और रायबरेली से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन मैं समय-समय पर वायनाड का दौरा भी करूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है, मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, लेकिन यह एक कठिन निर्णय था।

# करणी सेना अध्यक्ष ने की लॉरेंस के एनकाउंटर की मांग

- **गुजरात में राज शेखावत बोले- केंद्र सरकार ऐसे गैंगस्टर को पनाह क्यो दे रही?**



**वडोदरा.** हाल ही में महाराष्ट्र के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान को धमकी देने से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई चर्चा में है। इसी बीच गुजरात के वडोदरा पहुंचे करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने उसके एनकाउंटर की मांग की। मीडिया से बात करते हुए शेखावत ने कहा- उग्रवादियों और आतंकवादियों की श्रेणी में आने वाले लॉरेंस जैसे गैंगस्टरों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा- केंद्र सरकार पर भी सवाल खड़ा होता है कि आप ऐसे गैंगस्टर को क्यों पनाह दे रहे हैं। वह जेल में बैठकर लोगों की हत्या करवा रहा है और फिरौती मांग रहा है। बड़ा सवाल यह है कि केंद्र सरकार इस पर पर्दा क्यों डाल रही है। इससे देश में डर का माहौल बना हुआ है।

गौरतलब है कि 22 दिसंबर को अहमदाबाद में क्षत्रिय एकता महासम्मेलन होना है। इसी को लेकर आज वडोदरा में क्षत्रिय समाज की आमसभा रखी गई है। शेखावत इसी आमसभा में शामिल होने आज वडोदरा पहुंचे हैं।

### आंदोलन के चलते मेरी सुरक्षा रद्द की गई

उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर में मैंने सेना में रहकर 8 साल तक काम किया है। मैंने वहां आतंकवादियों का सफाया किया था, जिससे कश्मीर सुरक्षित रहा। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे तत्व उग्रवाद और आतंकवाद की श्रेणी में रखे जाएं। मुझे ऐसे तत्वों का सामना करने का एकमात्र विकल्प उनका एनकाउंटर ही नजर आता है। मुझे भी लॉरेंस के आदमियों से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री के समक्ष एक प्रेजेंटेशन दिया गया था, लेकिन लोकसभा के दौरान हुए आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी।

राज शेखावत ने आगे कहा- मैं आपसे और देश की जनता से पूछना चाहता हूं कि आज जो डर का माहौल पैदा हुआ है। उसे लेकर लॉरेंस बिश्नोई और उसके गैंग के लोग कहां तक स्वीकार्य हैं। क्या ऐसे गैंगस्टर का एनकाउंटर नहीं किया जा सकता। आज इस गैंग का लीडर जेल में बैठकर देश के व्यापारियों को परेशान कर रहा है। देश के सामाजिक या राजनीतिक नेताओं की हत्या कर रहा है।

### हिजबुल्लाह के नए आका ने छोड़ा लेबनान

इजरायल एक साथ लेबनान, गाजा और ईरान के खिलाफ युद्ध लड़ रहा है। ईरान के खिलाफ इजरायल ने अभी सीधी लड़ाई हालांकि शुरू नहीं की है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट है कि इजरायल कभी भी ईरान को दहलाकर युद्ध का आगाज कर सकता है। इस बीच लेबनान में हवाई हमले और जमीनी आक्रमण के बीच हिजबुल्लाह में हाहाकार मचा हुआ है। चीफ हसन नसरल्लाह समेत हिजबुल्लाह के कई कमांडरों के मारे जाने के बाद समूह के डिप्टी और भावी चीफ नईम कासिम को अपनी मौत का डर सता रहा है। हिजबुल्लाह के उप नेता कासिम ने लेबनान छोड़ दिया है।

# CM उमर 2 घंटे में 21km दौड़े

- **कहा- स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं, दौड़ काफी है**

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरिटरी के पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 4 दिन बाद रविवार को उमर अब्दुल्ला कश्मीर हाफ मैराथन रेस में दौड़े। श्रीनगर के पोलो स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद उन्होंने 21 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे में पूरी की।



उमर अब्दुल्ला ने X पर लिखा। आज खुद से खुश हूं। स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं होती है। एक अच्छी दौड़ उत्साह और जोश से भरने के लिए काफी होती है, चाहे वह एक किलोमीटर की दौड़ हो या एक मैराथन हो। नशा मुक्त जम्मू और कश्मीर के लिए दौड़ना शुरू करना चाहिए।

उमर ने कहा- 21 किलोमीटर की दौड़ 5 मिनट 54 सेकेंड प्रति किलोमीटर की औसत गति से पूरी की। अपने जीवन में कभी 13 किलोमीटर से ज्यादा नहीं दौड़ा था। आज मैं बस चलता रहा, अपने जैसे दूसरे शौकिया स्प्रिंटर्स के उत्साह से प्रेरित होकर दौड़ता रहा। कोई ट्रेनिंग नहीं थी। कोई प्लानिंग नहीं थी। रास्ते में सिर्फ एक केला और एक-दो खजूर खाए।

### ‘कश्मीर में दिल्ली से एयर क्वालिटी बेहतर’

ANI की एक पोस्ट में दिल्ली में हुई हाफ मैराथन को लेकर जानकारी दी गई थी। उस पोस्ट में एक शख्स कहते नजर आ रहा था कि दिल्ली में काफी प्रदूषण है। इसका जवाब देते हुए उमर अब्दुल्ला ने X पर लिखा- अगली बार कश्मीर मैराथन में भाग लेने आइए, एयर क्वालिटी बेहतर होगी और सीन भी काफी सुंदर है।

### दिल्ली की जूता फैक्ट्री में लगी आग

दिल्ली के नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर एक जूता फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। अब तक की जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। घटना के बारे में दमकल विभाग को सूचित कर दिया गया है। घटनास्थल पर दमकल गाड़ियां पहुंच चुकी हैं। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। उप अग्निशमन अधिकारी एस.के. दुआ ने बताया कि शाम को 3 बजे दिल्ली अग्निशमन विभाग को सूचना मिली थी कि नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर आग लग गई है। इसके बाद तुरंत दमकल टीमें रवाना हुईं। फिलहाल लगभग 28 से 30 गाड़ियां मौके पर काम कर रही हैं।

# ममता की डॉक्टरों से अपील- अनशन खत्म करें

**सभी लोगों को एक साथ नहीं हटा सकते, राजनीति से ऊपर उठकर काम पर लौटें**

**कोलकाता.** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में अनशन कर रहे डॉक्टरों से बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने अनशन खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की अधिकतर मांगें पूरी कर दी गई हैं, हालांकि लेकिन स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को अस्वीकार कर दिया।

ममता ने कहा- 'हर किसी को विरोध का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। किसी विभाग में हर किसी को एक साथ हटाना संभव नहीं है। हमने पहले ही DHS और DME को हटा दिया है, इसलिए राजनीति से ऊपर उठकर काम पर लौटें।'



ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय और मेडिकल सुविधाओं में सुधार की मांग करते हुए जूनियर डॉक्टर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। अब तक छह डॉक्टरों को खराब स्वास्थ्य के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि आठ अन्य अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार 21 अक्टूबर तक समस्या को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए।

### सोमवार को डॉक्टरों से मिलेंगी ममता बनर्जी

चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने शनिवार शाम को डॉक्टरों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सोमवार को स्टेट सेक्रेटेरिएट में 45 मिनट की बैठक में आने का आमंत्रण दिया। हालांकि उन्होंने इसके लिए डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की। जवाब में डॉक्टरों ने अपनी सभी मांगें पूरी होने तक अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया, लेकिन बैठक में शामिल होने के लिए सहमति जताई।

# 36 साल बाद घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट हारा

- **पहली पारी में 46 रन पर सिमट गई थी टीम**
- **यही हार की सबसे बड़ी वजह**



**भा**रतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट की हार झेलनी पड़ी है। टीम 36 साल के बाद कीवियों के खिलाफ अपने घर में हारी है। पिछली हार 1988 में वानखेड़े स्टेडियम में मिली थी।

भारतीय टीम ने कीवियों को जीत के लिए 107 रन का टारगेट दिया था, जिसे मेहमान टीम ने रविवार को 2 विकेट खोकर हासिल किया। विल यंग 45 और रचिन रवींद्र 39 रन बनाकर नाबाद लौटे। टीम इंडिया दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 402 और इंडिया ने 46 रन बनाए थे।

इस हार के बाद टीम इंडिया 3 मैचों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे में 24 से 28 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

### 4 दिन का खेल, 2 शतक लगे

टेस्ट मैच 16 अक्टूबर को शुरू हुआ। लेकिन बारिश के कारण पहले दिन टॉस भी नहीं हो सका। दूसरे दिन रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया था। टीम इंडिया पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे और तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र के 134 रन की पारी की बदौलत 402 रन बनाए। फिर भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए। सरफराज खान ने 150 रन की पारी खेल। पंत 7वीं बार नर्वस 90 का शिकार हुए। वे 99 रन पर आउट हुए।

### 5 बैटर्स खाता नहीं खोल सके

भारतीय टीम पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के 5 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यहां से टीम इंडिया बेंगलुरु टेस्ट में बहुत पीछे हो गई थी। आमतौर पर पहली पारी में 50 से कम पर ऑलआउट होने के बाद टीमों पर फॉलोऑन का खतरा होता है।टॉस जीतकर गलत फैसला

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। बुधवार 16 अक्टूबर को बेंगलुरु में दिन भर बारिश होती रही। मैच टॉस भी नहीं हो सका।

# राजस्थान के धौलपुर में सड़क हादसा, 12 की मौत

- **तेज रफ्तार बस ने टेंपो को मारी टक्कर**
- **शादी समारोह से लौट रहा था परिवार**

**धौलपुर.** धौलपुर में नेशनल हाईवे-11बी पर तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी है। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1 बच्चा घायल हो गया। उसे धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मरने वालों में 8 बच्चे शामिल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। बस का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी डेड बॉडी को बाड़ी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे बाड़ी उपखंड में हुआ।

जानकारी के मुताबिक, बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में बहन के घर भात भरने गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर देर रात को सभी टेंपो से बाड़ी लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे नेशनल हाईवे-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे दूसरे वाहन सवार मौके पर रुके और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने टेंपो सवार लोगों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

### कश्मीर में फिर आतंकी हमला, दो बाहरी मजदूरों की गोली मारकर हत्या

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकवादी हमले में दो बाहरी मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने जिले के गुंड इलाके में सुरंग निर्माण का काम कर रही एक निजी कंपनी के दूसरे राज्यों से आए मजदूरों के कैंप पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए, जिस क्षेत्र में यह घटना हुई है वह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के विधानसभा क्षेत्र में आता है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मौके पर सेना और जम्मू-कश्मीर के जवान पहुंच चुके हैं। उन्होंने घेराबंदी करके आंतकियों को खोजने का काम शुरू कर दिया है।

# सिक्किम की महिला के शरीर में 12 साल से कैंची

- **पति बोला- डॉक्टरों ने 2012 में ऑपरेशन के दौरान छोड़ी, तब से पत्नी दर्द में रहीं**



सिक्किम की एक 45 साल की महिला के एब्डोमेन से 12 साल पहले छोड़ी गई कैंची को निकाला गया है। उसके पति ने बताया कि महिला ने 2012 में सिक्किम की राजधानी गंगटोक में सर थुटोब नामग्याल मेमोरियल अस्पताल में एपेंडिक्स की एक सर्जरी कराई थी। इसके बाद महिला की एपेंडिक्स का दर्द खत्म हो गया था। हालांकि, कुछ दिनों बाद उन्हें फिर से पेट में दर्द होने लगा। कई डॉक्टरों को दिखाने के बाद भी दर्द बंद नहीं हुआ। वह 12 साल तक इस परेशानी से जूझती रही। 8 अक्टूबर 2024 हम फिर से वही अस्पताल में गए, जहां एक्स-रे के दौरान पता चला कि पत्नी के एब्डोमेन में सर्जिकल कैंची है। यह 2012 में हुए ऑपरेशन के दौरान छोड़ी गई थी। पति ने बताया कि एक्सरे जांच के बाद फिर से पत्नी की सर्जरी हुई, जिसमें कैंची को निकाला गया। उनकी हालात अब स्थिर है और वह धीरे-धीरे स्वस्थ्य हो रही हैं। डॉक्टरों की लापरवाही की खबर फैलने के बाद अस्पताल के खिलाफ नाराजगी जाहिर की गई है। अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जांच भी शुरू की गई है।

# आंध्र प्रदेश में एक्स-बॉयफ्रेंड ने लड़की को आग लगाई, 80% तक जली

आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में एक युवक ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को आग लगा दी। पीड़ित लड़की 11वीं क्लास की स्टूडेंट है, जो 80% तक जल गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम विग्नेश है, वह पीड़ित को बचपन से जानता था। शनिवार को दोनों मिले और उनके बीच कोई विवाद हुआ। इसके बाद विग्नेश ने लड़की को आग के हवाले कर दिया।

पुलिस ने बताया कि यह घटना कडप्पा जिले के बदवेल कस्बे के पास हुई। विग्नेश ने हाल ही में किसी और से शादी की थी, लेकिन वह अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड से भी रिश्ता बनाए रखना चाहता था। शनिवार को उसने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को फोन किया और मिलने की जिद की।



विग्नेश ने धमकी दी कि अगर वह नहीं मिली, तो वह अपनी जान ले लेगा। धमकी के डर से विक्टिम उससे मिलने के लिए राजी हो गई। वह कॉलेज से ऑटो रिक्शा में बैठकर उससे मिलने पहुंची। थोड़ी देर बाद विग्नेश भी ऑटो में आ गया। दोनों बदवेल से लगभग 10 किमी दूर सेंचुरी प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पहुंचे। यहां दोनों के बीच कुछ बहस हुई और कुछ समय बाद आरोपी ने पीड़ित पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

विक्टिम की चीखें सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे किसान उसकी मदद के लिए दौड़े और आग बुझाई। तब तक आरोपी वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने विक्टिम को बदवेल के अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उसे कडप्पा के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (RIMS) में ट्रांसफर किया गया। विक्टिम 80% जल चुकी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## संक्षेप...

### ठाणे में 6,051 सीसीटीवी कैमरे लगाने को मंजूरी

**ठाणे.** राज्य के गृह विभाग ने ठाणे में करीब 1,997 स्थानों पर 570.30 करोड़ रुपये की लागत से 6,051 सीसीटीवी कैमरे लगाने को मंजूरी दे दी है। पुलिस ने ठाणे, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर में निगरानी के दायरे में लाने का प्रस्ताव तैयार किया था। टेंडर भी फाइनल हो चुका है और प्रोजेक्ट सिद्धार्थ इंफ्राटेक एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (लीड बिडर) और मैट्रिक्स सिक्योरिटी एंड सर्विलांस प्राइवेट लिमिटेड (कंसोर्टियम मेंबर) को दिया गया है।

# सब्जी मंडी की आरक्षित जगह पर रहिवासी इमारत को मंजूरी

- पूर्व पार्षद नीलेश चौधरी ने मनपा प्रशासन पर लगाया भ्रष्टाचार का भारी आरोप.
- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखा पत्र

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक राज में भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किए जा रहे घोटालों की पोल खुलना शुरू हो गई है. भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत भिवंडी रेलवे स्टेशन के पास स्थित सब्जी मंडी की आरक्षित जगह पर मनपा के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से एक बिल्डर को आवासीय इमारत निर्माण की मंजूरी दी गई है.नगर रचना विभाग अधिकारियों की मिलीभगत से दी गई इमारत निर्माण मंजूरी के वजह से मनपा को लगभग 150 करोड़ का वित्तीय नुकसान होने का अनुमान है तथा करीब 50 करोड़ रुपए का लेनदेन किए जाने का आरोप पूर्व पार्षद नीलेश चौधरी ने लगाया है. उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शिकायत कर इमारत निर्माण की मंजूरी को तत्काल रद्द करने की मांग की है. मनपा पूर्व पार्षद चौधरी उक्त मामले में लिप्त मनपा के जिम्मेदार, भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की तैयारी में हैं.



गौरतलब हो कि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखे पत्र में मनपा के पूर्व पार्षद निलेश चौधरी ने बताया है कि भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका क्षेत्र के सर्वे नं. 161/3/1/अ, 161/3/1/क, 161/3/1/ ब, 161/3/2 व 161/4 आरक्षण क्र. जुना 252 (सब्जी मंडी) व नया 202 (भाजी मार्केट) का भूखंड भाजी मार्केट के लिए आरक्षित है. उक्त स्थान के बगल में ही भिवंडी रोड रेलवे स्टेशन है. क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है. उस क्षेत्र में कोई अन्य सब्जी मंडी नहीं है. नागरिकों की सुविधा हेतु सब्जी मंडी होना बेहद जरूरी होने के बावजूद बिल्डर से करोड़ों रुपए का लेनदेन करके मनपा द्वारा आरक्षित सब्जी मार्केट के भूखण्ड पर मनपा नगर रचना विभाग उप अभियंता इजाज गौरी ने बिल्डिंग बनाने की योजना को मंजूरी देकर मनपा को करीब 150 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाई है.आरोप है कि, उक्त मामले में 50 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है.

### डीपी 2023 फाइनल नहीं फिर भी नियमों को नजरंदाज कर दिया इमारत निर्माण मंजूरी

पूर्व पार्षद चौधरी ने मनपा अधिकारियों की भ्रष्ट कार्यप्रणाली पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि, 2023 का नया डी.पी.प्लान अभी फाइनल नहीं हुआ. वर्तमान स्थिति में संपूर्ण डी.पी.योजना स्वीकृत नहीं हुई है. मनपा नगर रचना विभाग ने बिल्डर को मंजूरी कैसी दी? अगर आरक्षित भूखंड बिल्डरों के हाथ चले गए तो भविष्य में शहर के नागरिकों की मूलभूत सुविधा के लिए जरूरी कोई जगह नहीं बचेगी.नीलेश चौधरी ने मनपा प्रशासन द्वारा भारी लेनदेन कर अन्य भ्रष्टाचार किए जाने का खुलासा करते हुए कहा कि, इसी प्रकार गोकुल नगर में पार्किंग के लिए आरक्षित स्थान का आरक्षण किसी बिल्डर को फायदा पहुंचाने की खातिर रद्द कर दिया गया है. क्षेत्र में वाहन पार्किंग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं है. मनपा के अधिकारी किसी भी तरह से कानून का पालन न करते हुए अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं. मनपा प्रशासक राज में भ्रष्टाचार चरम पर है. अधिकारियों द्वारा मुंहमांगी रकम लेकर कोई भी काम अंजाम देकर मनपा राजस्व,संपत्ति का भारी नुकसान किया जा रहा है बावजूद मनपा प्रशासक अजय वैद्य की चुप्पी संदेह के घेरे में है.

# भाजपा की पहली लिस्ट - 99 नाम

| क्र. | विधानसभा का नाम | उम्मीदवार का नाम | क्र. | विधानसभा का नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नागपुर द. प. | देवेंद्र फडणवीस | 51 | भिवंडी पश्चिम | महेश प्रभाकर चौघुले |
| 2 | कामठी | चंद्रशेखर बावनकुले | 52 | मुरबाड | किसन शंकर कथोरे |
| 3 | शहादा | राजेश पाडवी | 53 | कल्याण पूर्व | सुलभा गणपत गायकवाड़ |
| 4 | नंदुरबार | विजय कुमार गावित | 54 | डोंबिवली | रवींद्र दत्तात्रेय चव्हाण |
| 5 | धुले शहर | अनूप अग्रवाल | 55 | ठाणे | संजय मुकुंद केलकर |
| 6 | सिंदखेड़ा | जयकुमार रावल | 56 | ऐरोली | गणेश नाइक |
| 7 | शिरपुर | काशीराम पावरा | 57 | बेलापुर | मंदा विजय महात्रे |
| 8 | रावेर | अमोल जावले | 58 | दहिसर | मनीषा अशोक चौधरी |
| 9 | भुसावल | संजय वामन सावकारे | 59 | मुलुंड | मिहिर कोचेचा |
| 10 | जलगांव शहर | सुरेश दामू भोले | 60 | कांदिवली पूर्व | अतुल भातखलकर |
| 11 | चालीगांव | मांगेराम चव्हाण | 61 | चारकोप | योगेश सागर |
| 12 | जामनेर | गिरीश महाजन | 62 | मलाड पश्चिम | विनोद शेलार |
| 13 | चिखली | श्वेता महाले | 63 | गोरेगांव | विद्या ठाकुर |
| 14 | खामगांव | आकाश पांडुरंग फुंडकर | 64 | अंधेरी पश्चिम | अमीत सातम |
| 15 | जलगांव (जामोद) | डॉ. संजय कुटे | 65 | विले पार्ले | पराग अलवणी |
| 16 | अकोला पूर्व | रणधीर सावरकर | 66 | घाटकोपर पश्चिम | राम कदम |
| 17 | धामंगांव रेलवे | प्रताप जर्नादन अडसद | 67 | वांद्रे पश्चिम | आशीष शेलार |
| 18 | अचलपुर | प्रणीव तायडे | 68 | सायन कोलीवाड़ा | कैप्टन आर तमिल सेल्वन |
| 19 | देवली | राजेश बकाने | 69 | वडाला | कालिदास कोलंबकर |
| 20 | हिंगणघाट | समीर कुणावार | 70 | मालबार हिल | मंगल प्रभात लोढ़ा |
| 21 | वर्धा | डॉ. पंकज राजेश भोयर | 71 | कोलाबा | राहुल नार्वेकर |
| 22 | हिंगना | समीर मेघे | 72 | पनवेल | प्रशांत ठाकुर |
| 23 | नागपुर दक्षिण | मोहन गोपालराव माते | 73 | उरान | महेश बाल्दी |
| 24 | नागपुर पूर्व | कृष्ण पंचम खोपड़े | 74 | दौंड | राहुल सुभाषराव कुल |
| 25 | तिरोरा | विजय भरतलाल रहांगडाले | 75 | चिंचवाड़ | शंकर जगताप |
| 25 | गोंदिया | विनोद अग्रवाल | 76 | भोसरी | महेश किसान लांडगे |
| 27 | अमगांव | संजय हनपंतराव पुरम | 77 | शिवाजी नगर | सिद्धार्थ शिरोले |
| 28 | आर्मोरी | कृष्ण दामाजी गजबे | 78 | कोथरुड | चंद्रकांत दादा बच्चू पाटिल |
| 29 | बल्लारपुर | सुधीर मुनगंटीवार | 79 | पार्वती | माधुरी मिसाल |
| 30 | चिमूर | बंटी मांगड़िया | 80 | शिरडी | राधाकृष्णा विखे पाटिल |
| 31 | वानी | संजीव रेड्डी बोडकुरवार | 81 | शेवगांव | मोनिका राजीव राजले |
| 32 | रालेगांव | डॉ. अशोक उइके | 82 | राहुरी | शिवाजीराव भानुदा कार्डिले |
| 33 | यवलमाल | मदन मधुकरराव येरवर | 83 | श्रीगोंडा | प्रतिभा पचपुते |
| 34 | किनवट | भीमराव रामजी केरम | 84 | कर्जत जामखेड | प्रो राम शंकर शिंदे |
| 35 | भोकर | श्रीजया अशोक चव्हाण | 85 | कैज | नमिता मूंदड़ा |
| 36 | नायगांव | राजेश पवार | 86 | निलंगा | संभाजी पाटिल निलांगेकर |
| 37 | मुखेड़ | तुषार राठौड़ | 87 | औसा | अभिमन्यु पवार |
| 38 | हिंगोली | तानाजी मुटकुले | 88 | तुलजापुर | राणा जगजीत सिंह पाटिल |
| 39 | जिंतूर | मेघना बोर्डिकर | 89 | सोलापुर शहर उत्तर | विजय कुमार देशमुख |
| 40 | परतूर | बाबनराव लोणीकार | 90 | अक्कलकोट | सचिल कल्याणशेट्टी |
| 41 | बदनापुर | नारायण कुचे | 91 | सोलापुर दक्षिण | सुभाष देशमुख |
| 42 | भोकरदन | संतोष राव साहेब दानवे | 92 | मान | जयकुमार गोरे |
| 43 | फुलंबरी | अनुराधा ताई अतुल चव्हाण | 93 | काराड दक्षिण | डॉ. अतुल सुरेश भोसले |
| 44 | औरंगाबाद पूर्व | अतुल सावे | 94 | सतारा | छत्रपति शिवेंद्र राज भोसले |
| 45 | गंगापुर | प्रशांत बंब | 95 | कंकावली | नितेश राणे |
| 46 | बगलान | दिलीप मंगलू बोरसे | 96 | कोल्हापुर दक्षिण | अमल महादिक |
| 47 | चंदवड़ | डॉ. राहुलदौलतराव अहेर | 97 | ईचलकरंजी | राहुल प्रकाश अवाडे |
| 48 | नासिक पूर्व | राहुल उत्तमराव ढिकाले | 98 | मीरज | सुरेश खाड़े |
| 49 | नासिक पश्चिम | सीमाताई महेश हिरे | 99 | सांगली | सुधीर दादा गाडगिल |
| 50 | नालासोपारा | राजन नाइक | | | |

# निष्ठावान शिवसैनिक को ही बनाएं उम्मीदवार

- शिवसेना जिला प्रमुख सुभाष माने की CM शिंदे से अपील

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी पूर्व विधानसभा सीट पर पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता को ही उम्मीदवारी दिए जाने की जोरदार अपील करते हुए शिवसेना जिला प्रमुख सुभाष माने ने बेहद बेबाकी से कहा कि, मुख्यमंत्री सहित पार्टी के तमाम नेताओं को पुराने शिवसैनिकों की भावना को देखते हुए वर्षों से पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता को ही मौका देना चाहिए.पैराशूट,बाहरी प्रत्याशी को उम्मीदवारी देने से कार्यकर्ताओं



में नाराजगी बढ़ेगी जिससे नुकसान हो सकता है. वे पद्मानगर वेदांत हाल में कल्याण लोकसभा सांसद डा.श्रीकांत शिंदे एवं ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के के भिवंडी आगमन पर आयोजित शिवसैनिक कार्यकर्ता बैठक में बोल रहे थे. उक्त अवसर पर शिवसेना जिला संपर्क प्रमुख प्रकाश पाटिल, अरुण पाटिल, मनपा पूर्व पार्षद मदन बुआ नाईक, मनोज काटेकर सहित भारी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि,भिवंडी पूर्व विधानसभा सीट से शिवसेना से दमदार प्रत्याशी उतारे जाने को लेकर कल्याण लोकसभा सांसद डा.श्रीकांत शिंदे एवं ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के ने शिवसैनिकों से गहन चर्चा की.पद्मानगर वेदांत हाल में शिवसैनिकों की आयोजित बैठक में तमाम शिवसैनिकों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि,भिवंडी पूर्व विधानसभा सीट पर शिवसेना की जड़ बेहद मजबूत है.शिवसेना को पुराने और निष्ठावान शिवसैनिक को ही टिकट देना चाहिए.शिवसेना जिला प्रमुख सुभाष माने ने शिवसैनिकों की भावना से शीर्ष नेताओं को अवगत कराते हुए कहा कि,भिवंडी पूर्व विधानसभा सीट पर शिवसैनिक वोटरों का भरोसा जीतकर प्रचंड जीत की पताका फहराने को बेताब हैं. विदित हो कि, शिवसेना से शिवसेना जिला प्रमुख सुभाष माने सहित पूर्व पार्षद मदन बुआ नाईक, मनोज काटेकर, अरुण पाटिल आदि ने टिकट की खातिर दावेदारी पेश की है. देखना दिलचस्प होगा कि शिवसेना प्रमुख मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन भिवंडी के किस निष्ठावान शिवसैनिक को विधानसभा की उम्मीदवारी देकर विधायक होने का सुअवसर देते हैं.

### कोपरी पाचपखाडी विधानसभा मतदान केंद्रों पर टेलीफोन व टोल फ्री नंबर शुरू

**ठाणे.** भारत चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। वहीं 147 कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा कार्य क्षेत्र के अंतर्गत मतदाताओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए 147 कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा मध्यवर्ती मतदान केंद्र के नियंत्रण कक्ष (2447) तैयार किया गया है उस कमरे में टेलीफोन नंबर 022-20812836 व1800220021टोल फ्री नंबर शुरू किया गया है।यह जानकारी 147 कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा क्षेत्र के सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी मिलिंद मुंढे ने दिया।

### घाटकोपर होर्डिंग मामले में मुख्य आरोपी भावेश भिंडे को जमानत

**मुंबई.** घाटकोपर होर्डिंग गिरने के मामले में मुख्य आरोपी विज्ञापन फर्म के निदेशक भावेश भिंडे को यहां की एक अदालत ने जमानत दे दी।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी एम पठाडे ने भिंडे की जमानत याचिका मंजूर कर ली। विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है।भिंडे ने अपनी वकील सना खान के माध्यम से दलील दी थी कि इस साल मई में 17 लोगों की जान लेने वाली 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' 'ईश्वरीय कृत्य' थी और उन्हें 'राजनीतिक प्रतिशोध के लिए फंसाया गया था।'

वकील खान ने दलील दी कि उपनगरीय घाटकोपर इलाके में लगाया गया होर्डिंग 'अप्रत्याशित, असामान्य हवा की गति' के कारण गिरा और आवेदक (जिसकी फर्म ने इसे लगाया था) को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। यह भी दलील दी गई कि विशाल होर्डिंग लगाए जाने के समय भिंडे फर्म के निदेशक नहीं थे। भिंडे पर 'गैर इरादतन हत्या' का मामला दर्ज किया गया है। अभियोजन पक्ष ने उनकी जमानत का विरोध करते हुए कहा कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि भिंडे इस मामले में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### चोरी व मिसिंग के 65 मोबाईल फोन संबंधित लोगों के हवाले किया



**ठाणे.** कलवा पुलिस स्टेशन का उल्लेखनीय कार्य सामने आया है।नागरिकों के मोबाईल फोन चोरी व मिसिंग के तमाम शिकायत दर्ज किये जाने के बाद पुलिस की विशेष शाखा के अथक प्रयास से 65 मोबाईल फोन पुलिस ने बरामद किया है।जिसकी कीमत लगभग 7 लाख 20 हजार रुपये बताई गई।कलवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक उतेकर ने शिकायत कर्ताओं को बुलाकर उनका मोबाईल फोन हवाले कर दिया।


### आम सूचना

मैं श्री हरेश श्रीचंद लुल्ला सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. जी-3, ग्राऊंड फ्लोर, माता रुकमणि अपार्टमेंट, रुम नं. 12, बैरक नं. 257-ए, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 18बीआय021797200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राम एल. मेलवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 17.9.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद में अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश श्रीचंद लुल्ला**

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती नीता सचिन सानप सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरी पति श्री. सचिन राजाराम सानप का देहांत 4 अगस्त 2024 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 डीएल 1419 है और परमिट नं. 13728/कल्याण जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 डीएल 1419 मेरे श्रीमती नीता सचिन सानप के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

**श्रीमती नीता सचिन सानप**
विट्ठल कालोनी, एफ कैबिन रोड, विट्ठल मंदिर, कल्याण.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


# आलिया भट्ट की 'जिगरा' का नहीं चला जादू

आलिया भट्ट की साल 2024 की पहली रिलीज फिल्म 'जिगरा' है. इस जेल-ब्रेकर ड्रामा से काफी उम्मीदे थीं लेकिन फिल्म को पहले ही दिन दर्शकों ने नकार दिया था और इसकी ओपनिंग काफी फीकी रही थी. फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो चुका है और इसकी बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट बेहद निराशाजनक है. चलिए यहां जानते हैं 'जिगरा' ने रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को कितना कलेक्शन किया है?

'जिगरा' का रिलीज से पहले स्टार कास्ट ने खूब प्रमोशन किया था. फिल्म के ट्रेलर के बाद तो लग रहा था कि ये बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग करेगी. दिलचस्प बात ये है कि दशहरा रिलीज में ये सबसे बड़ी हिंदी फिल्म थी लेकिन पूरे हफ्ते ये दर्शकों के लिए सेकंड चॉइस ही रही. हालांकि 'जिगरा' में आलिया भट्ट के एक्शन सीन्स की तो खूब तारीफ हो रही है लेकिन फिल्म की कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचकर लाने में असफल रही है और इसी के साथ इस फिल्म के रिलीज के पहले दिन से लेकर पहले हफ्ते का कलेक्शन काफी निराशाजनक रहा है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'जिगरा' ने रिलीज के पहले दिन 4.55 करोड़, दूसरे दिन 6.55 करोड़, तीसरे दिन 5.5 करोड़, चौथे दिन 1.65 करोड़, पांचवें दिन 1.6 करोड़ और 6ठे दिन 1.35 करोड़ की कमाई की है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के सातवें दिन की कमाई के शु रु आ ती आंकड़े आ गए हैं.



### जीशान सिद्दीकी ने पिता के हत्यारों को दी चुनौती

**मुंबई.** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने रविवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक संदेश जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने पिता के हत्यारों को चुनौती दी और कहा कि 'लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।' एक भावनात्मक पोस्ट में, कांग्रेस विधायक ने खुद को 'जीवित, अथक और तैयार₹ घोषित किया, और पुष्टि की कि उनके भीतर उनके पिता की आत्मा है।' लेकिन वे भूल गए - वे एक शेर थे - और मैं अपने भीतर उनकी दहाड़, अपनी रगों में उनकी लड़ाई रखता हूँ, जीशान ने अपने पिता की न्याय और साहस की विरासत पर जोर देते हुए लिखा।

उन्होंने आगे लिखा, 'एक शेर का खून मेरी रगों में बहता है।' जीशान ने यह स्पष्ट किया कि वह ₹निडर और अडिग₹ बने हुए हैं, उन्होंने अपने पिता की न्याय के लिए लड़ाई जारी रखने की कसम खाई। ₹उन्होंने एक को ले लिया, लेकिन मैं उनकी जगह पर खड़ा हूँ। यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। आज मैं वहीं खड़ा हूं जहां वह खड़ा था: जीवित, अथक और तैयार,₹ उन्होंने घोषणा की।

एक मार्मिक स्पर्श में, उन्होंने एक हिंदी दोहा भी साझा किया, जिसमें सुझाव दिया गया कि ₹गीदड़ कभी-कभी धोखे से शेर को मार देते हैं।₹ न्याय के लिए उनके हालिया आह्वान ने उनके परिवार को हुए गहरे व्यक्तिगत नुकसान को उजागर किया है। ₹मेरे पिता ने निर्दोषों की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी। उनकी मृत्यु का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए या उसे व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।





उल्हास वि NEWS www.ulhasvikas.com ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099